# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/2111
दिनांक : 07/08/2025

सेवा में,

1. सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

2. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

**विषयः– "काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव" के समापन समारोह के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः 2051/सत्तर–3–2025 दिनांक 07.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसके द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटना 'काकोरी ट्रेन ऐक्शन के शताब्दी समारोह का शुभारम्भ दिनांक 09 अगस्त, 2024 के काकोरी शहीद स्मारक से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया था। काकोरी ट्रेन ऐकशन शताब्दी महोत्सव का समाप्न समारोह दिनांक 08 अगस्त, 2025 को किया जाना है इस समापन समारोह को सम्पूर्ण प्रदेश में भव्यतापूर्वक विभिन्न राष्ट्रभक्तिपूर्ण का आयोजन करते हुए मनाया जाना है। जिसमें दिनांक 08 अगस्त, 2025 को काकोरी ट्रेन ऐकशन की 100वीं वर्षगाठ के समापन अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में निम्नवत् गतिविधियों के साथ शहीदों को नमन करते हुए गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

1. काकोरी ट्रेन ऐक्शन की 100वीं वर्षगाठ के समापन समारोह में दिनांक 08 अगस्त, 2025 के प्रदेश के सभी शहीद स्मारकों/स्मृति स्थलों/अमृत सरोवरों/अमृत वाटिकाओं पर वृहद रूप से कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए वृक्षारोपण किया जाए, जिसे एक पेड मॉ के नाम अभियान से जोडा जाय तथा एक पेड प्रत्येक माह मॉ के नाम से रोपित किया जाय।
2. काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत समस्त शैक्षिणक संस्थानों यथा–बैसिक, माध्यमिक, उच्च प्राविधिक, कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा आजादी के नायको के चित्र देशभक्ति के नारे लिखी पटिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जाए, जिसमें राष्ट्रभक्ति के गाने भी बजाए जाएं। प्रभात फेरी की दूरी लगभग 0.5 किमी0 से 1.0 किमी0 की होगी, जिसमें नागरिक सुरक्षा संगठन एवं पुलिस के द्वारा सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किये जायेगे।
3. काकोरी ट्रेन ऐक्शन की घटना एवं काकोरी के नायकों पर आधारित भाषण निबन्ध लेखन, सुलेख लेखन, वाद–विवाद आदि विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक विद्यालयों में किया जाए तथा इन प्रतियोगिताओ के विजेताओं को दिनांक 08 अगस्त, 2025 को आयोजित समारोह में प्ररस्कृत किया जाए।
4. समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों एवं विशेष रूप से शहीद स्मारको, स्माकर स्थलों, शहीद पार्को, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवर आदि पर दिनांक 06 एवं 07 अगरत, 2025 को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों/स्मारको पर राष्ट्र धुन एवं राष्टभक्ति गीत बजाए जायेगें तथा

अर्द्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/ पुलिस/ पी0ए0सी0/होमगार्ड/स्काउट गाइड के बैण्ड/एन0सी0सी0/विश्वविद्यालयों/

महाविद्यालयों/माध्यमिक विद्यालायों के छात्रों के बैण्ड द्वारा यथानुसार राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन किया जाएगा।

5. स्वतंत्रता संग्राम से जुडे स्थल यथा काकोरी (लखनऊ) शहाजहांपुर, बलिया, गोरखपुर, फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोण्डा जनपदों में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वृहद स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन आयोजन में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये तथा उनके संस्मरणों को आम जनता को सुनाया जाए।
6. जनपद लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 के माध्यम से समस्त जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में एल0ई0डी0 के माध्यम से किया जाये। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाए, जिसमें उन्हें प्रदेश की गौरवमयी इतिहास की जानकारी दी जाए।

अतः आपसे अनुरोध है कि"काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव" पर शासन के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए समापन समारोह आयोजित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

07.08.25

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव